सत्यमेव जयते

1 4 MAR 2007

असंशोधित

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

(भाग–२-कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०ऐ०सं०...........तिथि........

बि० स० मा० मु० (एल० ए०) 99/2—10,000—4-9-1998—पटवर्द्धन ।

## शून्य-काल

अध्यक्ष : अब शून्य-काल लिये जायेगे । माननीय सदस्य श्री लालबाबू राय ।

श्री लाल बाबू राय : अध्यक्ष महोदय, प्रदेश में रसोई गैस की कालाबाजारी लगातार जारी है । फलस्वरूप किल्लत के कारण उपभोक्ता परेशान है । प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण जनाक्रोश व्याप्त है । अविलम्ब ठोस कार्रवाई हेतु निर्देशित करने तथा गैस कालाबाजारी पर त्वरित कार्रवाई हेतु सरकार से मांग करता हूँ ।

श्री ललन पासवान : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिलान्तर्गत १०३ आर०डी०सोन उच्चस्तरीय नहर भभुआ-सासाराम में कुसुढ़ी एवं खैरी गाँव के बीच फाल निर्माण कर खैरी लघु माईनर का विस्तार हो जायेगा तो १५०० एकड़ भूमि की सिंचाई होगी ।

अतः सरकार से मांग करता हूँ कि जनहित में उपर्युक्त फाल निर्माण कर लघु माईनर का विस्तार किया जाय ।

श्री किशोर कुमार : अध्यक्ष महोदय, सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा अंचल के लगमा पंचायत कोशी नदी की शाखा जलसुआ नदी के कटाव से प्राथमिक विद्यालय लगमापट्टी अन्य आवासीय भवन, कृषि योग्य भूमि नदी में विलिन हो रहा है । अविलम्ब कटाव निरोधक कार्य शुरू नहीं करने से आमजन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । सरकार लगमा पंचायत को कटाव से बचाने की कृपा करे ।

श्री शालीग्राम यादव : अध्यक्ष महोदय, मधुबनी जिला के मधवापुर प्रखंड अन्तर्गत धौस नदी के दोनों किनारे में कटाव के कारण मधवापुर, सामरौली, पिहवारा आदि गाँव में भारी खतरा हो जाता है । जनहित में सरकार इसकी मरम्मति करायी जाय ।

श्री तारकिशोर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, बिहारियों के खिलाफ राज ठाकरे के बयान के आलोक में महाराष्ट्र में रहनेवाले बिहारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार आवश्यक कदम उठावे एवं राज्य सरकार अपना प्रतिनिधि महाराष्ट्र में भेजकर उनकी सुरक्षा एवं जानमाल की हिफाजत के लिए कदम उठावे ।

अध्यक्ष : श्री नरेन्द्र कुमार पांडेय ।

(व्यवधान)

श्री किशोर कुमार : अध्यक्ष महोदय, यह बहुत-ही महत्वपूर्ण सवाल है...

अध्यक्ष : इसको दूसरे स्वरूप में दीजियेगा, बात कर लीजियेगा ।

(व्यवधान)

आप बैठें तो, आसन तो ग्रहण कीजिए । पहले बैठिए चौरसिया जी । बैठिए, नहीं जायेगी ऐसी बात प्रोसीडींग्स में । यह विषय अत्यन्त ही संवेदनशील है । इसपर चर्चा करके किसी स्वरूप में रखना चाहिए और इसपर हम चर्चा भी करेंगे दलीय नेताओं से । श्री नरेन्द्र कुमार पांडेय ।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य सदन में अनुपस्थित)

श्री देवनाथ यादव ।

श्री देवनाथ यादव : अध्यक्ष महोदय, मधुबनी एव सुपौल जिलान्तर्गत घोघरडीहा-निर्मली लिंक पथ, दो जिला मधुबनी एवं सुपौल, दो प्रमंडल दरभंगा एवं सहरसा तथा नेपाल बोर्डर कुनौली को जोड़नेवाला सीधा सम्पर्क पथ है और उसमें आवागमन अवरूद्ध है । माननीय मंत्री रामाश्रय बाबू तटबंध के अलावे पथ भी निर्माण कराते हैं, उन्हीं का यह पथ है । इसको थोड़ा संज्ञान में लिया जाय और निर्मली, घोघरडीहा लिंक पथ को चालू कराया जाय ।

अध्यक्ष : माननीय मंत्री इसको देखवा लेंगे । श्री राम विनोद पासवान ।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री राम विनोद पासवान सदन में अनुपस्थित)

श्री आर०आर०कनौजिया ।

श्री आर०आर०कनौजिया : अध्यक्ष महोदय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, मोतीहारी में लिपिक, स्टेनो पाँच से पन्द्रह वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित हैं तथा ये पैसे के लिए शिक्षकों को बेवजह तंग किया करते हैं । कार्यालय में अराजकता एवं भ्रष्टाचार व्याप्त है । तीन वर्षों से अधिक से पदस्थापित कर्मियों का अविलम्ब स्थानान्तरण की मांग करता हूँ ।

अध्यक्ष : श्री अखतरूल ईमान ।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य सदन में अनुपस्थित)

डा० अच्युतानन्द ।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य सदन में अनुपस्थित)

डा० इजहार अहमद ।

( इस अवसर पर माननीय सदस्य सदन में अनुपस्थित)

शून्य-काल समाप्त हुआ, अब ध्यानाकर्षण लिये जायेंगे ।

**ध्यानाकर्षण-सूचनाएं तथा उसपर सरकार का वक्तव्य**

**श्री महेश्वर हजारी, डा० अच्युतानन्द एवं श्री महेश्वर सिंह,स०वि०स० की ध्यानाकर्षण-सूचना पर सरकार (पथ निर्माण विभाग) की ओर से वक्तव्य ।**

अध्यक्ष : सूचना पढ़ी हुई है, माननीय मंत्री पथ निर्माण ।